# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद बाराबंकी में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की दिनांक 22.07.2024 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त –

दिनांक 22.07.2024 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें निम्न अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

1– श्री अ. सुदन, मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
2– प्रभागीय वनाधिकारी, बाराबंकी।
3– श्री अमित कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बाराबंकी।
4– समस्त सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बाराबंकी।
5– श्री एस0एन0 यादव, जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, बाराबंकी।
6– श्री अर्जुन सिंह गंगवार, डी0पी0एम0, टीपीआई एजेन्सी, बाराबंकी।
7– स्थानीय प्रतिनिधि, समस्त अनुबन्धित फर्म।
8– प्रतिनिधि समस्त आई0एस0ए0 एजेन्सी, बाराबंकी।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद अन्तर्गत 5 अनुबन्धित फर्मों द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें 1581 नग राजस्व ग्राम चयनित हैं। जनपद में 849 नग पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य जल जीवन मिशन अन्तर्गत पूर्ण किया जाना है।

**मै0 पी0एन0सी0**– फर्म द्वारा कुल 356 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 357 नग नलकूप, 3858 किमी0 वितरण प्रणाली, 357 नग शिरोपरि जलाशय, 333 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 172755 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 356 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 357 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 3050 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 357 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रारम्भ, 165 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 97560 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 210 नग पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने, रोड रेस्टोरेशन, प्रतिदिन न्यूनतम 1000 नग कनेक्शन प्रदान करने एवं सोलर अधिष्ठापन में वांछित प्रगति लाने हेतु निर्देश दिये गये।

**मै0 मेघा इंजीनियरिंग**– फर्म द्वारा कुल 328 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 342 नग नलकूप, 3816 किमी0 वितरण प्रणाली, 328 नग शिरोपरि जलाशय, 320 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 163142 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 328 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 329 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 3189 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 326 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रारम्भ, 211 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 89935 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 146 नग पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है।

मेघा द्वारा शिरोपरि जलाशय के कार्य में अत्यन्त ही धीमी प्रगति होने के कारण 08 नग पेयजल योजनाओं विकास खण्ड हैदरगढ़ अन्तर्गत रानीपुर, विकास खण्ड त्रिवेदीगंज अन्तर्गत गनहरी एवं नरदही एवं विकास खण्ड बनीकोडर अन्तर्गत सुलेमपुर, सूरजपुर, अमहिया एवं धनौली मिश्रान एवं विकास खण्ड पूरेडलई अन्तर्गत खेमापुर वस्तौली को छोड़कर समस्त 320 नग पेयजल योजनाओं पर प्रति योजना रु0 25000.00 का अर्थदण्ड जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिरोपित किया गया है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने, रोड रेस्टोरेशन, प्रतिदिन न्यूनतम 1000 नग कनेक्शन प्रदान करने एवं सोलर अधिष्ठापन में वांछित प्रगति लाने हेतु निर्देश दिये गये।

**मै0 वी0एस0ए0** – फर्म द्वारा कुल 83 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 84 नग नलकूप, 1434 किमी0 वितरण प्रणाली, 84 नग शिरोपरि जलाशय, 72 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 49795 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 83 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 84 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 1017 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 84 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रारम्भ, 53 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 29960 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 47 नग पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने, रोड रेस्टोरेशन, वितरण प्रणाली, प्रतिदिन न्यूनतम 500 नग कनेक्शन प्रदान करने एवं सोलर अधिष्ठापन में वांछित प्रगति लाने हेतु निर्देश दिये गये।

<u>मै0 वी0टी0एल0</u> – फर्म द्वारा कुल 44 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 58 नग नलकूप, 798 किमी0 वितरण प्रणाली, 46 नग शिरोपरि जलाशय, 44 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 34529 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 44 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 50 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 577 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 46 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रारम्भ, 32 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 11275 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 07 नग पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है। बैठक में फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि पाइप की उपलब्धता न होने के कारण योजनाओं से जलापूर्ति नही करायी जा रही हैं। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पाइप की अनुपलब्धता विगत 04 माह से है। निम्न 23 नग योजनाओं से जलापूर्ति प्रारम्भ की जा सकती है परन्तु फर्म द्वारा रूचि न लेने के कारण लोगों को पेयजल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

| S.No. | Block | Scheme Name |
|---|---|---|
| 1 | Sirauli gauspur | Badosarai |
| 2 | Dewa | Kaimai & Ukhadi |
| 3 | Dewa | Dharsanda-Mittai |
| 4 | Trivediganj | Sonikpur |
| 5 | Trivediganj | Shivnam & Ramipur |
| 6 | Trivediganj | Ballasaikhera, Fatehpur Jamurwan |
| 7 | Banikodar | Mawaiya & Dharupur |
| 8 | Trivediganj | Dundipur |
| 9 | Masauli | Saidabad |
| 10 | Masauli | Ambaur |
| 11 | Nindura | Ghughter |
| 12 | Masauli | Masauli |
| 13 | Haidergarh | Jasepur & Barnapur |
| 14 | Ramnagar | Saidanpur& Shekhpur Alipur |
| 15 | SirauliGauspur | Chaukhandi |
| 16 | Nindura | Mohsand |
| 17 | Nindura | Tikaihar & Pilhati Haidrabad-I |
| 18 | Nindura | Odarpur |
| 19 | Nindura | Deaora & Budhna |
| 20 | Puredalai | Ranimau |
| 21 | Siddhaur | Dheriha |
| 22 | Harakh | Sohilpur |
| 23 | SirauliGauspur | Sirauli |

जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपरोक्त पेयजल योजनाओं पर जलापूर्ति न किये जाने पर प्रति पेयजल योजना पर रू0 25000.00 का अर्थदण्ड अध्यारोपित किया गया है एवं शीघ्र ही जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने, रोड रेस्टोरेशन, वितरण प्रणाली, प्रतिदिन न्यूनतम 500 नग कनेक्शन प्रदान करने एवं सोलर अधिष्ठापन में वांछित प्रगति लाने हेतु निर्देश दिये गये।

<u>मै0 गायत्री–रेमकी(जेवी)</u> – फर्म द्वारा कुल 38 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 50 नग नलकूप, 425 किमी0 वितरण प्रणाली, 39 नग शिरोपरि जलाशय, 38 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 20971 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 38 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 50 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 423 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 39 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रारम्भ, 35 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 20578 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 32 नग पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा माह सितम्बर 2024 तक समस्त कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है।

जनपद अन्तर्गत 849 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष वर्तमान में मात्र 442 नग पेयजल योजनाओं में जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी। समस्त अनुबन्धित फर्म को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दशा में समस्त पेयजल योजनाओं अन्तर्गत माह सितम्बर, 2024 तक जलापूर्ति प्रारम्भ किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी रोड की पुर्नस्थापना का कार्य भी तीव्र गति से कराया जाये।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद अन्तर्गत 06 आई0एस0ए0 कार्यरत हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा आई0एस0ए0 से सम्बन्धित कार्यों को ससमय पूर्ण करने हेतु आई0एस0ए0 एजेन्सियों को निर्देशित किया गया। साथ ही जनजागरूकता कराते हुए जहां पर जलापूर्ति प्रारम्भ हो गयी है, राजस्व ग्राम में जलकर वसूली हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

अन्त में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

(सत्येन्द्र कुमार)
जिलाधिकारी
बाराबंकी

## कार्यालय जिलाधिकारी बाराबंकी

पत्रांक 3723 / मार्ग-20 / 41 दिनांक 05-8-2024

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– आयुक्त, अयोध्या मण्डल, अयोध्या।
2– मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
3– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, बाराबंकी।
4– समस्त अनुबन्धित कार्यदायी फर्म।
5– समस्त आई0एस0ए0 एजेन्सी।

जिलाधिकारी
बाराबंकी